पूर्व मध्य रेल

अधिसूचना:

कार्यालय
मरेप्र(कार्मिक)/सोनपुर
दिनांक: 21.10.2025

सं0– का/254/अवर लिपिक/चयन/सोन

सभी विभागाध्यक्ष(लेखा एवं सुरक्षा विभाग को छोड़कर)
पूर्व मध्य रेल/सोनपुर

विषयः–अवर लिपिक सह टंकक, वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन रु 1900) में 33.33% पदोन्नति कोटा के रिक्तियों को चयन द्वारा भरे जाने के संबंध में।

****

सोनपुर मंडल में निम्न पात्रता के अन्तर्गत आने वाले लेवल–1 से अवर लिपिक सह टंकक वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन रु 1900) में 33.33% पदोन्नति कोटा के तहत रिक्त पदों को चयन द्वारा भरे जाने का विनिश्चय किया गया है। उक्त पदोन्नति हेतु रिक्तियों का विवरण, पात्रता शर्ते, चयन का तरीका आदि का विवरण निम्नानुसार है:–

UR	SC	ST	TOTAL
12	03	03	18(01 Post horizontally reserved for PWBD out of 18)

1. विकल्प आमंत्रण हेतु पात्रता की शर्ते– सोनपुर मंडल के सभी विभागों के सामान्य सहायक/कार्यालय सहायक, आदेशपाल, जमादार आदेशपाल, गेस्टेटनर ऑपरेटर, फेरोप्रिन्टर जेरॉक्स ऑपरेटर, अभिलेखपाल, चौकीदार(सभी विभाग के), सफाईवाला/जमादार सफाईवाला(सिर्फ चिकित्सा भंडार एवं कार्मिक विभाग के), हॉस्पीटल अटेन्डेंट एवं स्टोर खलासी (सिर्फ स्टोर विभाग) जिनका लियन/वरीयता सोनपुर मंडल में अनुरक्षित है।

अधिसूचना जारी किये जाने की तिथि को आर.बी.ई सं0–38/2017 दिनांक 21.04.2017 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार 33.33% कोटा के अन्तर्गत चयन हेतु निर्धारित ग्रेड में 02 वर्ष की नियमित सेवा (परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक समाप्त किये जाने के उपरांत) आवश्यक है। अतः वैसे कर्मचारी अधिसूचना जारी होने की तिथि अर्थात 21.10.2025 को 02 वर्ष की नियमित सेवा पूरी करते है, इस चयन हेतु पात्र होंगें। आकस्मिक/एवजी में नियुक्त कर्मचारी जो अस्थाई दर्जा प्राप्त कर बिना ब्रेक के नियमित हुए है, उनके अस्थाई दर्जा प्राप्ति के उपरांत की 02 वर्ष की निर्धारित सेवा हेतु गणना की जाएगी।

उपरोक्त शर्तो को पूरा करने वाले इच्छुक/पात्र कर्मचारी अपना आवेदन विहित प्रपत्र में इस कार्यालय को भेज सकते है।

नोटः

(क) इसमें लेखा विभाग तथा सुरक्षा विभाग के लेवल–1 के कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेंगे।
(ख) सिर्फ उपरोक्त मूल पदनाम वाले कर्मचारी ही पात्र माने जायेंगे यदि वे अन्य शर्तो को भी पूरा करते हों।
(ग) प्रतिनियुक्ति या अस्थाई व्यवस्था के तहत तैनात कर्मचारी पात्र नहीं माने जायेंगे।

2. चयन की प्रकिया–

(i) इस परीक्षा में लिखित परीक्षा का अंक–85 एवं सेवा अभिलेख का अंक 15 निर्धारित होगा।
(ii) RBE No. 196/2018 दिनांक 14.12.2018 के अनुसार सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होगें।
(iii) उक्त चयन हेतु आयोजित परीक्षा CBT के माध्यम से कराये जायेगें।
(iv) समय अवधि– 02 घंटा अथवा CBT Mode में अंकित निर्देश।
(v) कुल प्रश्नों का 10% प्रश्न राजभाषा से होगा, जिसका उत्तर देना अनिवार्य नहीं होगा।
(vi) RBE No. 43/2015,दिनांक 05.05.2015 के अनुसार नामिका उत्तीर्ण कर्मचारियों की वरीयता के अनुसार तैयार की जाएगी। अतः गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंक प्रदान नहीं किये जाएगें।
(आर.बी.ई– 194/2019 दिनांक: 14.11.2019)

शेष पृष्ठ– 02 पर

Scanned with OKEN Scanner

3. **पाठयकम–** सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय प्रकार के होगें जिसमें अंग्रेजी, हिन्दी भाषा का ज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित की ज्ञान एवं रेलवे मामले से संबंधित किये जाने वाले कार्यो की ज्ञान की जॉच से संबंधित होगी।

4.आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि – ईच्छुक कर्मचारी जो पात्रता की सभी शर्तो को पूरा करते हो, वे निर्धारित प्रपत्र जो संलग्न है, को पूर्णरूपेण भरकर अपना आवेदन अपने नियंत्रक अधिकारी के कार्यालय में दिनांक 19.11.2025 तक जमा कर सकते है, सभी संबंधित नियंत्रक अधिकारी प्राप्त आवेदन अग्रसारित कर (एक बंच में) मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक) कार्यालय के एकल खिड़की में उचित पावती के साथ दिनांक 20.11.2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करेगें। निर्धारित तिथि 20.11.2025 के बाद किसी कर्मचारी का आवेदन प्राप्त होने पर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा।

5. लिखित परीक्षा की तिथि– लिखित परीक्षा की तिथि इस कार्यालय द्वारा अल्प अवधि में CBT परीक्षा आयोजित कराये जाने हेतु सूचित किया जा सकता है, अतएव इच्छुक/पात्र कर्मचारियों से अधिसूचना जारी होने की तिथि से ही परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की अपेक्षा की जाती है। उक्त चयन हेतु अलग से पूरक परीक्षा का आयोजन नहीं की जाएगी।

6.अवर लिपिक के पद हेतु चयनित होने पर कर्मचारियों को पर्सनल कम्प्यूटर पर अंग्रेजी में 40 शब्द प्रति मिनट या हिन्दी में 35 शब्द प्रति मिनट की गति से टंकण करने में समर्थ होना अनिवार्य होगा। अवर लिपिक के पद पर चयनित होने पर पदोन्नति इस शर्त के अधीन अनंतिम रूप से होगी कि पदोन्नति की तिथि से दो वर्ष के अंदर संबंधित कर्मचारी को पर्सनल कंप्यूटर पर निर्धारित टंकण परीक्षा में उत्तीर्ण होना होगा। यदि अवर लिपिक के पद पर पदोन्नत कर्मचारी निर्धारित समय से टंकण जॉच परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं होते है, वैसे कर्मचारी के संबंध में आर.बी.ई सं0– 02/2017 दिनांक 16.01.2017, आर.बी.ई सं0– 45/2022 दिनांक 07.04.2022 एवं आर.बी.ई सं0– 09/2023 दिनांक 11.01.2023 तथा रेलवे बोर्ड द्वारा जारी अन्य निर्देशों के अनुसार अनुवर्ती कार्यवाही की जाएगी।

7.अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं PWBDs के उम्मीदवार अपने आवेदन पत्र में इस बात को स्पष्ट करेंगें कि वे अजा/अजजा एवं PWBD के सदस्य है। (सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

8 सभी अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपना कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे लगवाये तथा इसका व्यापक प्रचार–प्रसार करे। निर्धारित समय पर इच्छुक कर्मचारियों से प्राप्त आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण जॉच पड़ताल के बाद प्रमाणित करेगें कि एक, दो, तीन चार या पॉच आवेदन संलग्न है और कोई छुटा/शेष नहीं है।

संलग्नकः– निर्धारित आवेदन प्रपत्र। **(Annexure-A)**

(रवि कुमार पंडित)
सहायक कार्मिक अधिकारी– III
कृते मरेप्र(कार्मिक)/सोनपुर

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. महाप्रबंधक(कार्मिक/सतर्कता/पूमरे/हाजीपुर को सादर सूचनार्थ।
2. मरेप्र के निजी सचिव– मरेप्र महोदय के सादर सूचनार्थ।
3. अमरेप्र महोदय को सादर सूचनार्थ।
4. अध्यक्ष, रेलवे भर्ती बोर्ड/मुजफ्फरपुर
5. प्राचार्य, क्षे.रे.प्र. सं0/मुजफ्फरपुर एवं प्राचार्य, रेलवे इंटर कॉलेज/गढ़हरा।
6. मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण, महेन्द्रूघाट/पटना
7. सभी (कार्मिक) अधिकारी/सोनपुर
8. क्षेत्रीय प्रबंधक/मुजफ्फरपुर एवं बरौनी
9. मुकार्याधी/बिल/बरौनी।
10. सभी कार्मिक निरीक्षक– कृप्या अपने बीट में आवश्यक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करेंगे।
11. मुकार्याधी– एकल खिड़की व्यवस्था/सोनपुर
12. कार्याधी/आई0टी0 सेल– कृप्या इस अधिसूचना को सोनपुर मंडल के वेबसाईट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
13. मंडल मंत्री–इसीआरईयू ओबीसी, अजा, अजजा एशोसिएशन/सोनपुर मंडल।
14. सभी सूचना पट्ट।

कृते मरेप्र(कार्मिक)/सोनपुर

Scanned with OKEN Scanner

Annexure-A

आवेदन का पारूप

विषयः– अवर लिपिक सह टंकक, वेतन लेवल–2 (ग्रेड वेतन रु 1900) में 33.33% कोटा की रिक्तियों को वेतन लेवल–। (ग्रेड वेतन रु 1800) में सेवारत कर्मचारियों से चयन के माध्यम से भरा जाना।

संदर्भः– आपका अधिसूचना सं0– का/254/अवर लिपिक/चयन/सोन दिनांकः 21.10.2025

संदर्भित अधिसूचना के आलोक में विषयगत चयन में सम्मिलत होने हेतु अपना विकल्प देता/देती हूँ। मेरा सेवा विवरण निम्नलिखित हैः–

फोटो अभिप्रमाणित

1. कर्मचारी का नाम–
2. पिता/पति का नाम–
3. कर्मचारी संख्या–
4. HRMS ID–
5. मोबाईल नं0–
6. Email ID–
7. पदनाम–
8. विभाग/कार्यस्थल–
9. जन्म तिथिः–
10. नियुक्ति तिथि (अस्थाई दर्जा सहित)
11. नियमित नियुक्ति तिथि–
12. वर्तमान ग्रेड पे (मूल पद)–
13. वर्तमान + ग्रेड पे (एम0ए0सी0पी के तहत यदि देय हो)–
14. पदोन्नति तिथि (यदि कोई हो)–
15. सेवा अवधि (अधिसूचना निर्गत तिथि को):–
16. शैक्षणिक योग्यता (सत्यापित प्रति संलग्न):–
17. अन्य योग्यता यदि कोई हो (कंप्यूटर सहित)
18. समुदाय (अजा–अजजा, PWBDs) यदि हो तो सत्यापित प्रति संलग्न करें:–
19. पुरस्कार/सजा (पिछले तीन वर्षो का विवरण):–

नोटः सभी प्रमाण पत्रों की स्व0 अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

आवेदक का पूर्ण हस्ताक्षर–
नाम–
पदनाम–
कार्यस्थल–
दिनांक–

नियंत्रक पर्यवेक्षक/अधिकारी का हस्ताक्षर
कार्यालय मोहर सहित हस्ताक्षर

Scanned with OKEN Scanner